## खबर संक्षेप

### 120 पुलिस कर्मचारियों का हुआ स्थानांतरण

**शहडोल।** प्रशासनिक दृष्टिकोण से पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्णय लेते हुए पिछले पांच वर्षो से एक ही थाना में पदस्थ 120 कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया है। यह पुलिस विभाग की स्थानांतरण नीति के तहत नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसका उद्येश्य कार्यक्षमता में पारदर्शिता लाना, कर्मचारियों को नई जिम्मेदारियों का अनुभव देना तथा थानों में निष्पक्षता बनाए रखना है।पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेशानुसार, इन स्थानांतरणों में आरक्षक, प्रधान आरक्षक, सहायक उप निरीक्षक के पद पर तैनात कर्मचारियों को शामिल किया गया है, जो एक ही थाने मे विगत पांच वर्ष से तैनात थे। सभी स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से लागू होंगे और संबंधित अधिकारीगण को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित समय सीमा में अपनी नवीन पदस्थापना स्थल पर उपस्थिति दें।

### कप्तान ने किया सोहागपुर थाना का औचक निरीक्षण



**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक द्वारा 16 जून को थाना सोहागपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, हवालात, मालखाने, रजिस्टर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। अवैध गतिविधियों जैसे सटटा, जुआ, अवैध मादक पदार्थ, शराब अवैध हथियारों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना परिसर का भ्रमण कर साफ -सफाई एवं विभिन्न मामलों में जप्त की गई दो पहिया एवं चार पहिया वाहन जो थाना परिसर में अनावश्यक रूप से खड़े हैं, उनका विधि अनुरूप कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी सोहागपुर एवं समस्त थाना स्टाफ मौजूद रहा।

### अवैध रेत परिवहन करते वाहन धराया

**शहडोल।** जिले के सीधी थाना में 14 जून को कस्बा भ्रमण के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम दरैन निवासी गेन्दू महाराज एक ट्रैक्टर में अवैध रूप से रेत लोड कर दरैन से कुदरी तरफ जा रहा है। जिस पर पुलिस द्वारा तस्दीक के लिए ग्राम चमरघटा ग्राम दरैन पहुंचे जहां एक ट्रैक्टर मय रेत लोड ट्राली के आते दिखा। जिसे घेराबंदी कर रोककर ट्रैक्टर चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम किशन सिंह गोंड पिता मुन्ना सिंह गोंड उम्र 24 वर्ष निवासी दरैन का होना बताया। चालक से रेत के संबंध में दस्तावेज मांगने पर उसने कोई वैध दस्तावेज नही होना बताया। जिस पर पुलिस द्वारा ट्रैक्टर मय रेत लोड ट्राली के जप्त कर उक्त आरोपी चालक एवं वाहन मालिक गेन्दू महाराज उर्फ नागेन्द्र शुक्ला निवासी दरैन के विरूद्ध बीएनएस. एवं खनिज अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

### गर्मी में श्रमिकों की सुरक्षा कैसे करे

**शहडोल।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्मी के दिनों में कार्यस्थलों पर श्रमिक अपनी सुरक्षा कैसे करें, के संबंध में एडवायजरी जारी की गई है। एडवायजरी के माध्यम से बताया गया है कि कार्यस्थल पर ठंडा पीने का पानी एवं धूप से बचने के लिए छायादार स्थान या ठंडा कमरा उपलब्ध कराएं। अपने क्षेत्र में जारी होने वाले अधिक गर्मी/लू सम्बंधित पूर्वानुमानों पर ध्यान दें। सुबह और शाम के ठंडे समय में ही ज्यादा मेहनत वाले काम करवाएं। अतिरिक्त कर्मचारी लगाकर काम का बोझ बांटें अथवा काम की गति को कम करे। बाहर के कार्य के दौरान विश्राम का समय बढ़ाएं। हर 1 घंटे के काम के बाद कम से कम 5 मिनट का आराम दें। गर्भवती महिलाएं, बीमार व्यक्ति और जो व्यक्ति लंबे समय से दवाइयां ले रहें हैं, वह गर्मी में ज्यादा परिश्रम करने से बचें। बढ़ती गर्मी के साथ श्रमिको को अनुरूप होने का मौका दें। गर्मी की ऋतु की शुरुआत में काम की मात्रा कम रखें और उसे धीरे धीरे बढ़ाएं।

## मुख्यालय या फिर कोयलांचल को मिलेगी जिम्मेदारी

# कुर्सी के लिए कांग्रेस संगठन में शुरू हुई रस्साकसी

कांग्रेस जिलाध्यक्ष को लेकर संगठन में अंदर से बाहर तक रस्साकसी खुलकर दिख रही है, सोशल मीडिया पर कांग्रेसी एक-दूसरे के ऊपर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं, पहले अजय सिंह, फिर कमलनाथ और अब जीतू कांग्रेस की दुहाई देकर संगठन के मुखिया की कुर्सी पाने के लिए कई गुट बनते और टूटते नजर आ रहे हैं, कई को तो, किनारे करने के लिए भाजपा की स्लीपर सेल तक घोषित किया जा रहा है।




**शहडोल।** ढ़ाई दशक से सत्ता से बाहर रहने के बाद भी कांग्रेस जिलाध्यक्ष की कुर्सी को लेकर पदाधिकारियों में आज भी शीतयुद्ध देखा जा सकता है। सुभाष गुप्ता दूसरी बार पार्टी के जिलाध्यक्ष तो बन गये, लेकिन अब अध्यक्ष की दोबारा चल रही दौड़ में सुभाष ने खुद को लगभग किनारे कर लिया है, अलबत्ता उन्होंने अपने सबसे खास के पीछे खड़े होकर कमलनाथ गुट की ताकत जरूर उसके पक्ष में लगा दी है, इधर पहली बार कोयलांचल में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पद के जाने के लिए बीते दिनों तो, विशाल भोज तक का आयोजन कर दिया गया। बहरहाल लंबे समय तक भाजपा के बड़े नेताओं की चरणवंदना और निकाय से लेकर विधानसभा, लोकसभा चुनावों में पार्टी का झण्डा न उठाने वालों ने भी खुद को इस रेस में शामिल कर दिया है।

### मुद्दों से दूर अध्यक्ष की दौड़

25 साल सत्ता से बाहर रहने के बाद कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने अपनी पहचान केवल प्रेस विज्ञप्ति तक सीमित कर ली है, मुख्यालय के कुछ कांग्रेसी ही इस प्रेस विज्ञप्ति की परम्परा को निभा रहे हैं। बाकी जयसिंहनगर से लेकर देवलोंद और बुढ़ार, धनपुरी, बकहो तक के कांग्रेसियों ने विपक्ष की भूमिका, जनता के मुद्दे और भाजपा के विरोध से खुद को किनारे कर लिया है। मुख्यालय में भी सिर्फ कांग्रेस भवन की चाभी और राजधानी से मिले आदेशों की खानापूर्ति तक की ही राजनीति सीमित रह गई है, जनहित के मुद्दो को लेकर मुख्यालय की भी कांग्रेस और नेता अर्से से सुप्तावस्था में जा चुके हैं।

### टॉल तक सीमित सुभाष कांग्रेस

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष की दूसरी बार कमान मिलने के बाद सुभाष गुप्ता अपने कार्यालय और टॉल के बीच में सिमट कर रह गये, आजाद बहादुर गुट से लेकर कोयलांचल व ब्यौहारी के गुटों को पूरे कार्यकाल में कांग्रेस के कार्यक्रम में शिरकत नहीं करा पाये। यही नहीं युवक कांग्रेस का एक बड़ा गुट भी अभी तक सुभाष कांग्रेस से एक नहीं हो पाया। अलबत्ता यह जरूर हुआ कि निकाय चुनावों के दौरान युवक कांग्रेस के कभी जिलाध्यक्ष रहे रविन्द्र तिवारी, सुभाष गुप्ता के सबसे करीबी माने जाते थे, बीते इन वर्षो में उन्होंने ने भी दूरिया बना ली। मुख्यालय से लेकर अन्य कस्बों और ग्रामों में भाजपा के निकायों व अन्य ठेकों तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कभी सामने नहीं आये।

### जीतू-कुणाल के भरोसे

जीतू पटवारी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद शहडोल में उनके करीबी रहे गुट को भले ही राजनैतिक तौर पर एक लाईन और ताकत मिल गई, लेकिन सुभाष गुप्ता के इस गुट में कभी भी विपक्ष का कर्तव्य नहीं निभाया, वर्तमान में अंधो में काना राजा जैसी स्थिति निर्मित होने के कारण खुद को पहले कमलनाथ और अब जीतू गुट का बताकर कुर्सी पर अपना अधिकार बताया जा रहा है। मौन रहकर भाजपा की सत्ता की स्लीपर सेल बन चुके दर्जनों कांग्रेसियों को जब तक लक्ष्मण सिंह की तरह बाहर का रास्ता नहीं दिखाया जायेगा, तब तक पार्टी के ठेकेदार शायद ही विधानसभा और लोकसभा तक कांग्रेस का सदस्य भेज सकेंगे।

### कोयलांचल में गठबंधन की राजनीति

कांग्रेस के अब तक के इतिहास में लगभग जिलाध्यक्ष मुख्यालय से ही बने हैं, वर्तमान में कोयलांचल से प्रदीप सिंह, बलमीत सिंह खनूजा ऐसे दो नाम है, जो इस दौड़ में है, हालाकि हनुमान खण्डेलवाल, मुबारक मास्टर और बुढ़ार क्षेत्र के कुछ एक नाम भी हैं,लेकिन लगातार सत्ता से बाहर रहने के बाद उनका आभा मण्डल बुझता नजर आ रहा है। नगर पालिका चुनाव और उसके बाद हनुमान खण्डेलवाल की भूमिका की खबरें राजधानी तक गूंजती रही हैं, यही वजह है कि हनुमान ने खुद को पहले ही किनारे कर लिया है, जबकि शेष दोनों नेताओं ने मुख्यालय की जगह एक-दूसरे को साथ देने की रणनीति पर चलना शुरू कर दिया है।

## झूला-झूल रहे बच्चे की फांसी लगने से मौत

**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना ने सभी को स्तब्ध कर दिया है। 6 वर्षीय बालक अभि उर्फ मनु बैगा जो अपने घर के सामने स्थित आम के पेड़ में अपनी मां की साड़ी से बने झूले में झूल रहा था, जिसमें उसने अपनी जान गंवा बैठा। घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार अभि के पिता, मिर्रा बैगा, मजदूरी के काम के लिए घर से बाहर थे, जबकि घर के अन्य सदस्य अंदर थे। अभि का झूला-झूलते समय उसका संतुलन बिगड़ गया और वह मां की साड़ी में फंस गया, जिससे उसकी गर्दन पर फंदा लग गया। पुलिस ने बताया कि बालक के घर के सामने आम का पेड़ है, जिसमें वह अपने मां की साड़ी से एक झूला बनाया हुआ था और उसमें वह प्रतिदिन झूला करता था, झूला-झूलते समय बालक अकेले था, तभी वह अनबैलेंस हो गया और साड़ी उसके गले में फंस गई और फंदा लगने से उसकी मौत हो गई है। पड़ोस के एक व्यक्ति ने जब बालक को झूले में फंसा देखा, तो वह तुरंत मदद के लिए दौड़ा, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। स्थानीय निवासी रामु ने कहा कि यह घटना बहुत दुखद है। पूरा गांव इस घटना से सदमे में है। बालक के पिता मिर्रा बैगा ने बताया कि मासूम अभि उनका इकलौता पुत्र था। उसका इस तरह से जाने से मेरा जीवन अधूरा हो गया है। घटना के बाद से मां गम में है। पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जयसिंहनगर पुलिस ने बताया कि हमने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# दो ट्रकों की आपस में हुई भिडंत



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रकों के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर ने क्षेत्र में हडक़ंप मचा दिया। इस घटना में दोनों वाहन के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और दोनों ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सडक़ के बीचो-बीच हुई इस दुर्घटना ने बांधवगढ़ ब्यौहारी मार्ग में एक घंटे तक जाम लगा दिया। घटना बांधवगढ़-मानपुर से ब्यौहारी मार्ग पर बसही के पास हुई, जहां दोनों ट्रकों की टक्कर ने सडक़ पर यातायात को एक घंटे तक बाधित कर दिया। इससे राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों ने तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा। एक घंटे तक मार्ग में जाम लगा था, जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बीच सडक़ दोनों ट्रक आमने-सामने भीड़ गए थे। जिसे हटाने में एक घंटे का वक्त लग गया। पुलिस के अनुसार एक ट्रक मानपुर से आ रहा था, जिसमें रेत लोड थी, जबकि दूसरा ट्रक रेत लेने जा रहा था। अचानक हुई टक्कर के कारण दोनों ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए पुलिस ने जेसीबी समेत अन्य उपकरणों की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सडक़ से हटवाया। जैसे ही सडक़ पर से ट्रकों को हटाया गया, यातायात पुनः सामान्य होने लगा। घायल दोनों चालकों का उपचार ब्यौहारी सिविल अस्पताल में चल रहा है, एक चालक की हालत गंभीर बताई गई। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## एनएसयूआई ने राज्यपाल के नाम कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन



**शहडोल।** एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सौरभ तिवारी के नेतृत्व में कमिश्नर सुरभि गुप्ता के माध्यम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें उल्लेख किया गया कि पूर्व में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा नवीन महाविद्यालय प्रारंभ करने की बात कही थी, जो आज तक चालू नहीं किया जा सकता है एवं करोड़ों रुपए खर्च करके पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय परिसर में नया छात्रावास तो बना दिया गया है, लेकिन आज तक उसे संचालित नहीं किया जा रहा है, जिससे दूर-दराज के क्षेत्र से आए छात्र एवं छात्राओं को परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है। संस्कृत विभाग एचओडी को कुलपति ने अपना ओएसडी बना लिया है, जिस कारण से संस्कृत विभाग के एचओडी अपना मूल कार्य छोडक़र बाबूगिरी के कार्य में लगे हुए हैं, जिसे छात्र-छात्राओं का पठन एवं पाठन प्रभावित हो रहा है। शहडोल एनएसयूआई राजपाल से मांग करती है कि पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय की तानाशाह कुलपति को आदेशित करें कि जल्द ही छात्रावास छात्राओं के लिए संचारित किए जाए एवं संस्कृत विभाग एचओडी को उनके मूल पद स्थापना पर ही कार्य करने दिया जाए, जिससे छात्रों का की पढ़ाई प्रभावित न हो। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी,जिला उपाध्यक्ष शुभम सोंधिया, जिला उपाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष सिमरन कौर, जिला उपाध्यक्ष गौरव मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष अमन तिवारी, जिला महासचिव हर्ष गौतम, ब्लॉक उपाध्यक्ष साहिल कुशवाहा, कॉलेज अध्यक्ष दीपांशु गुप्ता, नगर अध्यक्ष शिवांशु साहू, आदित्य, योगेश, आशु, मनन, कृष्णा, ओम, प्रवीण, पारस, कार्ति, वासु सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संकल्प से सिद्धि तक के तहत आयोजित होंगे कार्यक्रम



**शहडोल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्र की सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के 11 साल पूरे हो गए हैं, मोदी सरकार 3.0 के भी एक साल पूरे हो गए हैं, भारतीय जनता पार्टी के शहडोल नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी ने कहा कि 4 जून 2024 को लोकसभा चुनाव के नतीजे आए थे और 9 जून 2024 को नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की अगुवाई वाले एनडीए ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाई थी, मोदी सरकार के 11 साल और तीसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने पर 'संकल्प से सिद्धि तक' के तहत संगठनात्मक कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। इस अभियान के माध्यम से पार्टी के नेता और कार्यकर्ता केंद्र की मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाएंगे। साथ ही, कांग्रेस शासन के दौरान हुई विफलताओं की भी जानकारी घर-घर दी जाएगी। श्री त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत उल्लेखनीय रूप से विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है और भारत के संकल्प को साकार करने की ओर ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ पूरे हो रहे हैं, इस अवसर पर देशवासी प्रधानमंत्री का कोटि-कोटि अभिनंदन कर रहे है। भारतवासी ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर गौरवान्वित है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उससे हर हिन्दुस्तानी का सिर गर्व से ऊँचा हो गया है। जिस सटीकता के साथ, हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, वह अद्भुत है। ऑपरेशन सिन्दूर ने दुनिया भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा , प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के मार्गदर्शन में मण्डल स्तर पर संयोजक एवं सहसंयोजक नियुक्त किये गये हैं।

## सर्प-दंश से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**शहडोल।** मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सर्पदंश के मामलों को गंभीरता से लेते हुए इसे स्थानीय आपदा घोषित किया है। बारिश के मौसम में बढने वाली इन घटनाओं की रोकथाम के लिए एक बहुआयामी रणनीति तैयार की है, जिसमें जनजागरूकता, आपातकालीन सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और निवारण संबंधी उपाय शामिल किए गए हैं। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड स्तर पर स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया, रेडियो, होर्डिंग्स और प्रिंट मीडिया के जरिए सर्पदंश से बचाव और प्राथमिक उपचार की जानकारी प्रसारित की जाएगी। स्कूलों और कॉलेजों में विशेष सत्र आयोजित कर विद्यार्थियों को इस खतरे और उससे बचाव के उपायों के बारे में शिक्षित किया जाएगा। प्रत्येक जिले में प्रशिक्षित सर्प मित्र और स्नेक-कैचर्स की तैनाती की जाएगी, जिनके हेल्पलाइन नंबर जनता को उपलब्ध कराए जाएंगे। सभी सरकारी अस्पतालों में एंटी-वेनम (विषनाशक दवा) का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाएगा। पीड़ितों को निकटतम चिकित्सा केन्द्र तक पहुँचाने की व्यवस्था को और सुचारू बनाया जाएगा, ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके। जनजागरूकता गतिविधि में ग्रामीणों को खेतों और जंगलों में काम करते समय मोटे जूते और दस्ताने पहनने की सलाह दी जाएगी। घरों के आसपास सफाई रखने, झाडियों को काटने और कूड़े के उचित निपटान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पशुपालकों को पशुशालाओं के आसपास बाड़ लगाने और पर्याप्त रोशनी का प्रबंध करने की सलाह दी गई है। पर्यटन स्थलों पर सर्प अधिकता क्षेत्रों को चिह्नित करने और चेतावनी बोर्ड लगाने का भी प्रावधान किया गया है। जनता से अपील की गई है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक या देसी उपचार की बजाय तुरंत निकटतम अस्पताल पहुँचें, क्योंकि पहला एक घंटा श्गोल्डन आवरश यानि जीवनरक्षक होता है। साथ ही, सांपों को मारने या परेशान करने के बजाय उन्हें दूर भगाने के उपाय करने पर जोर दिया गया है।

## जनजातियों के सशक्तिकरण के लिए धरती आबा शिविरों का हुआ आयोजन

### शिविर लगाकर लोगों को दी गई योजनाओं की जानकारी



**शहडोल।** भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती वर्ष के अवसर पर जनजातीय गौरव वर्ष के तहत जनजातियों के सशक्तिकरण के लिए धरती आबा शिविरो का आयोजन जिले में किया जा रहा है। जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का उद्देश्य जनजातीय बाहुल्य ग्रामों का समग्र विकास करना है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जल संरक्षण, आजीविका और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत सोहागपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत खैरहा,जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत बरगंवा सहित अन्य ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर विशेष अति पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई तथा योजनाओं का लाभ लेने हेतु समझाइश दी गई। पीएम जनमन योजना एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष पिछडी जनजाति (बैगा) समुदाय के लोगों को संचालित शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से आधार कार्ड, आयुष्मान भारत, कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, पीएम किसान, जनधन खातों के विवरण के साथ ही शिविर के माध्यम से सिकिल सेल रोग और उनके परीक्षण के बारे में आम जनता को जागरूक किया जा रहा है, इसके साथ ही पक्का आवास, ग्राम/बसाहट हेतु पहुंच मार्ग में पक्की सडक हर-घर नल से जल, हर-घर बिजली, पीएम उज्जवला योजना, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आगंनबडी केन्द्र की स्थापना, छात्रावास निर्माण, प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना, पोषण वाटिका, मोबाइल नेटवर्क कनेक्टविटी, स्किल इण्डिया मिशन, डिजिटल इनीशिएटिव्स, टिकाउ कृषि पध्दतिया योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, राष्ट्रीय ग्राम स्वाराज अभियान अंतर्गत केपेसिटि बिल्डिंग ऑन एफआरए एवं ट्रायबल स्टे होम-स्वदेश दर्शन के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। गौरतलब है कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 30 जून 2025 तक चलाया जाएगा।

## जल के संरक्षण हेतु किये जा रहे कार्य



**शहडोल।** जल है जीवन की धारा, कल का यही सहारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा सवंर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। शहडोल जिले में आगामी तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर है। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जा रहे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावडिय़ों और कुँओं का जीर्णोद्धार का कार्य भी किया जा रहा है। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य भी किये जा रहे हैं। यह जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय, जनभागीदारी, आमजन और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित होगा, जिसमें मशीन, सामग्री व श्रम का समुचित नियोजन किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत कोल्हुआ में नवीन खेत तालाब निर्माण का कार्य किया गया।

## खबर संक्षेप

### नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजित



**हरिभूमि न्यूज, कोतमा।** ग्राम पंचायत ठोढहा में 15 जून को नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जेएमएस माइनिंग कंपनी उरतान ओर नॉर्थ उरतान के द्वारा किया गया। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों का नेत्र जांच, स्वास्थ्य चिकित्सा की गई। शिविर में श्री राम हॉस्पिटल शहडोल से डॉक्टर अग्रवाल और डॉक्टर पंकज शर्मा, कौशर खान जेएमएस कंपनी की ओर से संजय कहारा मैनेजर राजीव मिश्रा उरतान मैनेजर चार्ल्स डिक्शन मनोज कुमार सिंह, गौरव गोरेवार कार्तिक पंडित सुदीप दुबे अजित राय उपस्थित थे।

### गुमशुदा हुई महिला, पुलिस कर रही तलाश

**हरिभूमि न्यूज़ कोतमा।** थाना थाना अंतर्गत नवविवाहिता महिला के घर से बिना बताए गुमशुदगी का मामला सामने आया है। घटना की सूचना शनि भारिया के द्वारा थाना में गुम होने सूचना दर्ज कराई गई है। पुलिस के द्वारा गुम इंसान काम करते हुए महिला की तलाश में जगह-जगह प्रयास कर रही है। घटना के बारे में बताया जाता है कि दो माह पूर्व ही महिला की शादी हुई थी। ससुराल आने के बाद अचानक दोपहर में महिला घर से बिना बताए कहीं चली गई। जिसकी पता तलाश पास पड़ोस एवं संभावित रिश्तेदारों में किए जाने के बाद भी न मिलने पर थाने पहुंच शिकायत दर्ज कराई गई।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को आयोजित होगा कार्यक्रम



**उमरिया।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का पूर्वा अभ्यास, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून 2025 को किया जायेगा। जिला आयुष अधिकारी उमरिया डॉ0रितु द्विवेदी ने बताया कि उमरिया जिले के आयुष की समस्त संस्थाओं में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे साथ ही संचालनालय आयुष मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशन में जिले के मुख्य पर्यटन स्थल बांधवगढ़ ताला के जैव विविधता केंद में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । जिसके पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है । जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि योग प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में बहुत महत्व रखता है योग से हम स्वस्थ जीवन शैली प्राप्त कर सकते है । कई जटिल बीमारियों का ईलाज योग से आसानी से दूर हो सकता है उन्होंने जिले के समस्त जनसामान्य से अपील की है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को सभी लोग योगाभ्यास कार्यक्रम से जुड़े तथा योग को आपने दिनचर्या में जोड़े ।

## बेखौफ चल रहा कब्जे का खेल, जिम्मेदार मौन

# ताला में सुरक्षित नहीं शासकीय भूमि



### राजस्व विभाग का मैदानी अमला खुद बना सूत्रधार

**उमरिया।** शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर मकान बनाने का काम धड़ल्ले से चल रहा है, प्रशासन के साथ पंचायत भी मौन है। राजस्व विभाग की भूमि में अतिक्रमण नहीं हो सकता और मकान नहीं बनाए जा सके, किन्तु यहां राजस्व व नजूल की भूमि पर भी बखौफ कब्जा किया जा रहा है। यह पूरा कब्जे का खेल राजस्व विभाग के जिम्मेदारों के संरक्षण में चल रहा है। जिले बांधवगढ़ के ताला में सरकारी जमीन पर कब्जा कर दुकान बनाने का खेल बदस्तूर जारी है, इसमें अधिकारी-कर्मचारियों के साथ कब्जाधारी की भी मिलीभगत है। जानकारों के मुताबिक ग्राम पंचायत ताला के दर्जनों हिस्सो पर कब्जाधारियों ने कब्जा कर दुकान, मकान सहित अन्य निर्माण किया हुआ है, वर्तमान में खसरा नंबर 234/1/1 पर दुकान का निर्माण हो रहा है, इस मामले की जानकारी राजस्व अधिकारियों के साथ निचले कर्मचारियों को भी है, लेकिन कार्यवाही न होने के चलते कब्जेधारियों के हौसले बुलंद है, इस खेल में पर्दे के पीछे से पटवारी का खुला सहयोग कब्जेधारी को मिला हुआ है।

### प्रशासन हुआ बेबस

ताला क्षेत्र में सरकारी जमीन अतिक्रमण का खेल चल रहा है, राजस्व अधिकारी इस खेल में कुछ ज्यादा ही माहिर है। पर्दे के पीछे से इन अतिक्रमणकारियों को राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है। ऐसे में पुलिस से लेकर प्रशासन तक बेबस नजर आती है। जाहिर है ऐसे में अतिक्रमणकारियों का हौसला बुलंद है और प्रशासन की इच्छा शक्ति विभागों के मकडज़ाल में फंसकर दमतोड़ देती है। हालांकि प्रथम दृष्टया यह स्थानीय पुलिस की जिम्मेवारी होती है कि किसी भी सूरत में अतिक्रमण ना हो। लेकिन पैसे के खेल के आगे सभी बेबस हो जाते हैं।

### रोक के बाद भी निर्माण



बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के तहसील मानपुर के अंतर्गत ग्राम ताला में मेन रोड उमरिया-मानपुर पर सरकारी जमीन पर खुलेआम अतिक्रमण कर दुकान बनवाया जा रहा है, कुछ दिन पूर्व कलेक्टर द्वारा निर्माण रोकने के निर्देश पर नायब तहसीलदार ताला द्वारा कार्य रुकवाया गया था, किंतु फिर पटवारी की मिली भगत में कार्य कराया जा रहा है।

### वर्दी का सहयोग नहीं

सरकारी जमीन के अतिक्रमण में पटवारी का खुला सहयोग मिला हुआ है, चर्चा है कि राजस्व सहित स्थानीय पुलिस की हरी झंडी के बगैर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करना संभव नही हैं। अतिक्रमणकारियों को राजनीतिक दल के नेताओं का भी संरक्षण मिल हुआ हैं। मोटी रकम के लालच में स्थानीय राजस्व विभाग अतिक्रमण के खेल को शह दे रही है। वहीं चर्चा यह भी है कि राजस्व विभाग को पुलिस का सहयोग नहीं मिलने के कारण चाहकर भी विभाग कुछ नहीं कर पा रहा है।



# सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करनें के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न**

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर व्दारा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । कोई भी शिकायत अन अटेंडेंट नही रहे। समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर कलेक्टर द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह,डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सीईओ जनपद पंचायत करकेली सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा दिवस मनाये जाने बैठक संपन्न

**उमरिया।** नशा करने से जहां एक ओर शरीर को नुकसान पहुंचता है, वही घर परिवार में कलह भी उत्पन्न होती है । नशा नाश का कारण बनता जा रहा है । नशीले पदार्थों के सेवन से गंभीर सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और शारीरिक समस्याएं होती हैं। युवा राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए आवश्यक है कि नशामुक्त भारत अभियान में अधिकाधिक संख्या में युवा जुड़े। उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कलेक्टर सभागार में आयोजित नशा मुक्त भारत अभियान 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नषा दिवस मनाये जाने हेतु आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए । उन्होंने कहा कि नशा से आम जनों को बचाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए। आम जनों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाए। उन्होंने उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग दिव्या गुप्ता से कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों से 100 मीटर की परिधि के अंदर स्थापित पान ठेलों की दुकानों को हटाने की कार्यवाही की जाए । नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जन जागरूकता लाने के लिए आम जनों के बीच नशा नही करने की शपथ दिलाई जाए । नगर में कचरा एकत्रित करने वाले कचरा वाहन से भी इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। बैठक में उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग दिव्या गुप्ता ने बताया कि नशा मुक्त अभियान अंतर्गत 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नषा निवारण दिवस मनाया जाएगा। आम जनों को नषे के दुष्प्रभावो से अवगत कराया जाएगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सीईओ जनपद पंचायत करकेली सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।



## ग्राम पंचायत पनपथा में विशाल शिविर संपन्न



**उमरिया।** आरोग्य भारती, महाकौशल प्रांत,जिला इकाई उमरिया एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एम पी टी ग्राम पंचायत पनपथा ब्लॉक में विशाल शिविर का आयोजन किया गया । शिविर का लगभग 15 गांव से 300 रोगियों एवं सामान्य जनमानस ने लाभ उठाया । आरोग्य भारती के मुख्य वक्ता विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम के राष्ट्रीय संयोजक भोला नाथ , फील्ड डायरेक्टर अनुपम सहाय की अध्यक्षता में , डिप्टी डायरेक्टर पी के वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में एवं विभाग संयोजक रुद्र शरण मिश्रा ,आरोग्य भारती जिला इकाई उमरिया के अध्यक्ष पुष्पेंद्र व्दिवेदी , उपाध्यक्ष डॉ संदीप सिंह , सचिव डॉ.के.सी.सोनी के समस्त विशेषज्ञ डॉ.आर.एल.द्विवेदी, डॉ . मुकुल तिवारी, डॉ.नागेश्वर जैसल बीएमओ मानपुर, जिला अस्पताल शहडोल से डॉ आंबेडकर ,एमपीईबी चचाई से डॉक्टर आयुष्मान मिश्र , डॉ पाण्डेय वेदांता हॉस्पिटल शहडोल, बालाजी हॉस्पिटल उमरिया के चिकित्सक, एवं जिला अस्पताल का ब्लड बैंक का स्टाफ, फार्मेसी का स्टाफ, एवं समस्त वन विभाग, जनपद पंचायत मानपुर का स्टाफ उपस्थित रहा। शिविर में डॉ अनुपम सहाय एवं भोला नाथ ने रक्तदान का पुण्य कार्य भी किया। इस कार्य का समस्त जनमानस एवं स्टाफ ने आभार जताया।

## सड़क के किनारे लग रही सब्जी मंडी को हटाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**उमरिया।** समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह को निर्देशित किया है कि नगर में सडक़ो के किनारे लग रही सब्जी मंडी को हटाने की कार्यवाही की जाए , तथा उन्हे नव निर्मित सब्जी मंडी पर लगाने की समझाईश दी जाए । उन्होने कहा कि सडक़ पर सब्जी विक्रेता के दुकान लगा लेने पर आवागमन बाधित होता है, साथ ही दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सीईओ जनपद पंचायत करकेली सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## बाढ़ आपदा कंट्रोल रूम में कर्मचारियों को उपस्थित रहने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिले में अति वर्षा एवं बाढ़ की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 25 भू तल में बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है । जिसका दूरभाष क्रमांक 07653-222988 है । कक्ष के प्रभारी अधीक्षक भू अभिलेख लक्ष्मीकांत शर्मा होंगे जिनका मोबाइल नंबर 9827861039 है । उनकी अभिरक्षा में अधिकारी, कर्मचारियों की ड्युटी 15 जून से लगाई गई है । कलेक्टर श्री जैन ने कहा है कि बाढ़ आपदा कंट्रोल रूम में जिन अधिकारियों कर्मचारियों की ड्युटी लगाई गई है , वे निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर कार्यो का निष्पादन करें। कर्मचारी अपनी उपस्थिति अधीक्षक भू अभिलेख उमरिया को देंगे एवं अधीक्षक भू अभिलेख कर्मचारी की उपस्थिति विषयक प्रतिवेदन प्रभारी अधिकारी राहत शाखा उमरिया को प्रति दिवस भेजेगे । उन्होने कहा कि तैनात अधिकारी, कर्मचारी बाढ़ आपदा संबंधी प्राप्त सूचना की जानकारी एक पंजी में लिपिबध्द करेगे तथा तत्काल सूचना संयुक्त कलेक्टर को देगें विलंब तथा जानकारी उपलब्ध न कराने की स्थिति में घटित घटना, दुर्घटना की जवाबदारी उनकी स्वयं की होगी । बाढ़ आपदा में प्रभावित होने वाले उपखंड मानपुर अंतर्गत ग्रामों के प्रभारी अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्वन मानपुर होंगे वे तहसील स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर सकेगें।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्तत कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सीईओ जनपद पंचायत करकेली सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# 5 गुम मोबाइलों को खोजकर लौटाया थाना रामनगर ने, लोगों ने जताया आभार

**हरिभूमि न्यूज रामनगर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना रामनगर पुलिस द्वारा तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए एक सराहनीय पहल की गई। थाना रामनगर में दर्ज गुम मोबाइलों की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने CEIR पोर्टल (Central Equipment Identity Register) के माध्यम से मोबाइलों को ट्रैक कर पुनः बरामद किया। आज दिनांक को थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस द्वारा गुमशुदा मोबाइलों को उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा गया। पुलिस की इस पहल से जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ है तथा तकनीकी सहयोग से अपराध नियंत्रण की दिशा में एक सशक्त संदेश गया है। पुलिस ने अपील की है कि यदि किसी का मोबाइल गुम हो जाए, तो निकटतम थाना जाकर सूचना दर्ज कराएं ताकि CEIR पोर्टल के माध्यम से उन्हें सहायता प्रदान की जा सके।





## खबर संक्षेप

### बालिका के साथ दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**कटनी।** कुठला पुलिस ने लापता बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के अनुसार दस्तयाबी उपरांत अपहत बालिका से पूछताछ की गई जिसके द्वारा बताया गया कि संतोष वंशकार द्वारा शारीरिक सम्बंध बनाने के फलस्वरूप गर्भवती हो जाने पर उज्जैन ले जाकर शादी करना तथा वहाँ से राजकोट ले जाकर पति पत्नी के तरह रहना बताई । अभियोक्त्री का शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी से मेडिकल परीक्षण कराया गया है एवं अभियोक्त्री के कथन के आधार पर प्रकरण में धारा 87,64(2)m, 64(2)i BNS, 3,4,5l, 5j, 6 POCSO Act का इजाफा किया गया है। अभियोक्त्री का धारा 183 BNSS के कथन न्यायालय में कराए गए। आरोपी संतोष वंशकार उर्फ कल्लू निवासी लमतरा द्वारा गलत काम करना बताई जिसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश की और आरोपी संतोष वंशकार 20 वर्ष निवासी लमतरा फाटक को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया( न्यायालय आदेश से जिला जेल कटनी भेज दिया गया है। अपहता को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में उप निरीक्षक मेघा मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक रवि शुक्ला, आरक्षक दुर्गेश सिंह, महिला आरक्षक पूजा द्विवेदी एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

### हाईवे पर बदमाशों ने रूपए एवं गहने लूटे

**कटनी।** हाईवे पर सक्रिय बदमाशों ने एक बार फिर लूट की वारदात को अंजाम दिया। प्रयागराज में अस्थि विसर्जन कर लौट रहा जबलपुर के कंटगी का परिवार को चाकू की नोंक पर लूटा। बदमाशों ने पहले पुरुषों से नकद रुपए लूट लिए फिर कार में मौजूद महिलाओं के गले से मंगलसूत्र भी छीन लिए। सूचना पाकर पहुंची कोतवाली पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। हालांकि अबतक वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों का सुराग नहीं मिला है। जबलपुर जिले के कंटगी के समीप स्थित घनौली ग्राम निवासी रामरतन गर्ग ने बताया कि उनकी माता का निधन हो गया है। अस्थि विसर्जन के लिए वे परिवार सहित चारपहिया वाहन से प्रयागराज गए थे। शुक्रवार रात करीब 12 बजे जब वे लौट रहे थे तो चाका से पीरबाबा के बीच द्वारा ग्राम के समीप निस्तार के लिए चारपहिया वाहन को रोककर जब वाहन से वे उतरे तो इसी दौरान तीन बदमाश आ गए और चाकू अड़ा दिया। कहने लगे कि जितने रुपए है सब दे दो, नहीं तो यहां मर्डर कर देंगे। हम घबरा गए और अपने पास रखे करीब 30 हजार रुपए बदमाशों को दे दिए। इसके।बाद भी बदमाश नहीं माने और कार में बैठी दो महिलाओं के गले से मंगलसूत्र और कान के आभूषण छीन लिए। कुछ ही देर में बदमाश मौके से भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि हमने समीप स्थित ढाबे वाले की मदद ली और ढाबा संचालक ने ही पुलिस को घटना की जानकारी दी।

### सविता बाई बनीं जैविक खेती की मिसाल

**कटनी।** ज़िले के विकासखंड ढीमरखेड़ा के एक छोटे से गाँव अतरिया की किसान सविता बाई ने अपने संघर्ष, लगन और नवाचार से वो कर दिखाया है, जो कई बड़े किसान नहीं कर पाए। सीमित संसाधनों और मात्र 4.5 एकड़ ज़मीन में खेती कर अपने परिवार का जीवन यापन करने वाली सविता बाई ने अब आधुनिक और जैविक खेती को अपनाकर न केवल आर्थिक तरक्की की, बल्कि गांव में प्रेरणा की प्रतीक बन गई हैं। सविता बाई अपने खेत में गेहूं,चना और धान की भी खेती करतीं हैं। पर्यावरणविद एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह बताते हैं कि सविता बाई को न केवल उन्नत कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया है,बल्कि बीते साल उन्हें व्यावसायिक स्तर पर बैंगन, टमाटर और मिर्च की खेती शुरू करने हेतु पौधे और तकनीकी सहायता भी दिया गया।
सविता बाई ने केवल 0.25 एकड़ में उन्नत विधि से सब्जियों की खेती कर 25हजार 500 रुपए की आमदनी अर्जित की।जो गेहूं,धान,चना आदि की खेती से अर्जित आमदनी के अतिरिक्त है।इसके साथ ही उनके परिवार को शुद्ध, ताज़ी सब्जियाँ रोज़ाना घर पर ही उपलब्ध होने लगीं।

# पाली जनपद में धरती आबा अभियान के तहत चौरी बकेली में शिविर संपन्न

### बकेली ग्राम पंचायत में 32 आवेदनों का हुआ निराकरण

बिरसिंहपुर पाली





धरती आबा जन जातीय उत्कर्ष अभियान के तहत जन जातीय समुदायों को सशक्त, मजबूत और शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत आदिवासी विकास खंड पाली के चौरी ग्राम पंचायत में भव्य आयोजन किया गया जिसमें चौरी सेक्टर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में खिचखिडी, बरदढार, कठई, भौतरा, ओदरी ग्राम पंचायतों के आदिवासी समुदाय के लोगों ने भाग लिया। पाली विकास खंड में शिविरों का आयोजन चौरी से हुआ, जिसमें विभिन्न विभागो के अधिकारी, कर्मचारियों ने भाग लेकर शिविर में पहुंचे लोगों की समस्याओं को विधिवत सुना, जाना और उसके निदान की पहल की। चौरी शिविर का शुभारंभ अवसर पर मुख्य कार्य पालन अधिकारी कुंअर कन्हाई, एस डी ओ मनरेगा पाली टी बी सिंह, उपयंत्री बृजेश सिंह, सचिव बाबूलाल सिंह, की गरिमामयी उपस्थित में संपन्न हुई। इसी तरह दुसरा शिविर बकेली ग्राम पंचायत में आयोजित किया गया, जिसमें बकेली सेक्टर के ग्राम पंचायतों के आदिवासी समुदाय के लोगों ने भाग लेकर शिविर का लाभ उठाये।इस शिविर में सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों ने भाग लिया। आज के शिविर में एस डी ओ मनरेगा पाली, उपयंत्री, सचिव, रोजगार सहायक, आदि ने शिविर को संपन्न कराने में आवश्यक पहल की है1

# आज बरसात की पहली बारिश से उमस, गर्मी से राहत पर बारिश के कारण पानी का भराव हुआ सरस्वती मोहल्ला में



ब्योहारी

आज दोपहर दो बजे लगभग बरसात महीना पहली बारिश से लोगों को उमस व गर्मी से थोड़ा राहत हुआ परन्तु बारिश का पानी सड़क में भर गया जिसके कारण लोगों को पैदल चलना मुश्किल है क्यो कि सड़क हैं उबड़ खबड़ हो रहा है अगर छोटे वाहन निकलते हैं सड़क में भरा लोगों के ऊपर व दीवाल छिटा पड़ता हैं जिसके कारण बिवाद होता हैं अतः प्रशासन से अप्रेक्षा नगर परिषद ब्योहारी क्षेत्र में नाली जो बनी है बरसात पूर्व नाली साफ सफाई कराऐ जाऐ जिससे नगर में हो रही परेशानी से निजात दिलाने जाए।

# ब्योहारी में 100 बिस्तार सिविल अस्पताल में चिकित्सा का अभाव और असमय लोगों की मृत्यु को लेकर गोडवाना गणतन्त्र पार्टी ने एस. डी एम को ज्ञापन सौपा

### माँग पूरी न होने पर 24 जून से विरोध प्रदर्शन

ब्योहारी

ब्योहारी विधानसभा क्षेत्र 100 विस्तार स्वर्ग लवकेश सिंह सिविल अस्पताल में चिकित्सा का आभाव और असमय लोगों कि मृत्यु पर गोडवाना गणतन्त्र पार्टी की ओर से एस. डी एम ब्योहारी को आज ज्ञापन सौपा माँग न मानें जाने पर 24 जून को गोडवाना गणतन्त्र पार्टी के द्वारा खण्ड चिकित्सा अधिकारी का विरोध व प्रर्दशन होगा जिसकी सम्पूर्ण जबाबदारी शासन व प्रशासन की होगी*ब्योहारी में विस्तार की अस्पताल हैं लेकिन विशेषज्ञों डाक्टरो कि कमी है जब कि यहाँ ब्योहारी विधानसभा क्षेत्र मरीज आते ही है प्राथमिक उपचार के लिए आते हैं साथ ब्योहारी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत लगभग 30 - 40 किलोमीटर दूर से कई जिला व विधानसभा क्षेत्र के लोग आते विशेषज्ञ डाक्टर न होने और उपचार सही नही होने कारण लोगों के द्वारा शहडोल या रीवा जाना पड़ता हैं अगर सही समय वाहन नहीं मिला तो या फिर उचित इलाज न होने कारण लोगों का निधन हो जाता हैं। *कुछ माह व दिनों पहले चिकित्सा अभाव के कारण प्रतिष्ठापित ब्यक्ति कि मृत्यु हो गई है जैसा श्री निवास नेटी सरवाही कला, पर्व वित्त मंत्री स्वर्गीय श्री पं रामकिशोर शुक्ला जी के छोटे पुत्र सुरेन्द शुक्ला, वर्तमान में प्रतिष्ठित व्यापारी ब्योहारी निवासी अजीत गुप्ता आदि लोगों कि उचित इलाज न होने के कारण मृत्यु हो गई । बाताया जाता हैं हदय रोग डाक्टर नहीं, सर्जन डाक्टर नहीं महिला डाक्टर नहीं एम. डी डाक्टर नहीं कहने को विस्तार अस्पताल हैं मरीजो को सुविधा नहीं सिर्फ गिने चुनें एम. बी एस. डाक्टर हैं वो भी कुछ डाक्टर अस्पताल के कैम्पस के अन्दर रूम लिए है और वही मरीज देखते फीस लेकर उपचार देते हैं और अस्पताल कम जाते हैं* गोडवाना गणतन्त्र पार्टी के पदाधिकारी सहित समस्त सदस्यों विधानसभा क्षेत्र की जनता कठिन समस्या झूज रही हैं ब्योहारी एस डी एम अनुविभागीय अधिकारी को आज ज्ञापन सौपा हैं माँग यथाशीघ्र पूरी नहीं तो गोडवाना गणतन्त्र पार्टी अस्पताल के खण्ड चिकित्सा अधिकारी का विरोध व प्रर्दशन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन होगी।

# ग्राम पंचायत में हो रहा घटिया नाली का निर्माण



ब्यौहारी

अंतर्गत ग्राम पंचायत सरवाही कला में नाली निर्माण कार्य में भारी अनियमितता की जा रही है। जिसमें निर्माण कार्य में घटिया सामग्री से निर्माण कार्य किया जा रहा है। गांव के लोगों ने आवाज उठाई लेकिन इंजीनियर द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण नहीं किया गया सरवाही कला ग्राम पंचायत के आदिवासी महिला सरपंच का अनुचित फायदा उठाते हुए उप सरपंच विक्रमादित्य गुप्ता द्वारा पंचायत के सभी विकास कार्यों एवं नियमों को मनमानी पूर्वक चलाया जाता है । ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक 3 स्कूल टोला में चल रहे नाली निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाकर निर्माण किया जा रहा सरिया का प्रयोग बहुत कम किया जा रहा है निर्माण कार्य का कोई बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। निर्माण कार्य को मनमाने ढंग से घटिया सामग्री लगाकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ग्राम वासियों ने कलेक्टर से वार्ड 3 में चल रहे नाली निर्माण की जांच करायें जाने की मांग की है1




# आचार्य दक्षता परीक्षा 2025 सम्पन्न

बिरसिंहपुर पाली

विद्याभारती सरस्वती उच्च. माध्यमिक विद्यालय बिरसिंहपुर पाली (जिला केन्द्र)में दिनांक 14 जून को सरस्वती शिक्षा परिषद जबलपुर महाकोशल प्रांत के निर्देशानुसार मान. श्री राम शिरोमणि शर्मा (विभाग समन्वयक शहडोल), मान. श्री भास्कर सिंह चंदेल जी (जिला सचिव उमरिया) , एवं मान. श्री नंदलाल प्रजापति (सह जिला सचिव उमरिया) के मार्गदर्शन में आचार्य दक्षता परीक्षा सम्पन्न हुई जिसमें सम्पूर्ण उमरिया जिला के दस विद्यालयों से 99 आचार्यों ने दक्षता (गुणवत्ता) परीक्षा दिए जिला के वरिष्ठ प्राचार्य/ प्रधानाचार्य जी ने पर्यवेक्षक का दायित्व कुशलता पूर्वक निर्वहन किए चदिया विद्यालय के व्यवस्थापक श्री राजेश शर्मा जी की विशेष उपस्थित रही ।

# बिजली सप्लाई आये दिनों रहती है बंदमेंटेनेंस के नाम पर विभाग के पास नहीं है उपकरण

### जरा सी चलीं हवा तो हुईं बिजली सप्लाई बंद, लो वोल्टेज ड्रामा

बुढार।

**नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विधुत सव स्टेशन से मिलेने बाली बिजली सप्लाई को अपने मनमाने ढंग से की जा रही है सप्लाई विभाग कहता है कि हमारे पास नहीं है विधुत उपकरण लो वोल्टेज का कैसे करें सुधार।**

अब विभागीय अधिकारी की मर्जी से मिलेंगी उपभोक्ताओं को बिजली कहने को तो महीने में चार हफ्ते होती है मेंटेनेंस के नाम पर विधुत कटौती मगर भी भी समस्या कम नहीं हो रही है इस भीषण गर्मी की तपिश से जहां सारा जहां हलाकान है वहीं बिजली का बार बार आना जाना जिससे होती है उपभोक्ताओं को परेशानी।

विधुत सब डिवीजन का इन दिनों है बुरा हाल क्योंकि उनके पास नहीं है विधुत सुधार उपकरण ये सही है या ग़लत वो ही जाने,,,,

### टांसफार्मर से निकल रही हवा

आदर्श कालोनी डाक्टर लाल गली में लगे ट्रांसफार्मर से बिजली की जगह अब निकल रही है हवा आवासीय क्षेत्र आदर्श कालोनी में लगे ट्रांसफार्मर से विगत कई महीनों से पर्याप्त मात्रा में बोल्टेज न मिलने के कारण उपभोक्ताओं तो परेशान हैं लेकिन उनसे ज्यादा परेशान लाइन मेन है जो एक दिन में कई बार फ्यूज उड़ने से बार बार उक्त टांसफार्मर का सुधार कार्य करने जाना पड़ता है जिससे और भी ज्यादा लाइनें प्रभावित होती है कुल मिलाकर विभाग मनमानी पर आमादा है।

### उपभोक्ता पहुंचे विधुत कार्यालय

आदर्श कालोनी एवं लोहिया चौंक के निवासी सोमवार को कार्यालय पहुंचकर जानना चाहा कि आयें दिनों बिजली सप्लाई बार बार क्यों बंद हों रहीं हैं तो विभागीय अधिकारियों ने बताया कि हमारे पास टांसफार्मर का सुध कार्य करने के लिए उपकरण नहीं है जैसे उपकरण प्राप्त होता है टांसफार्मर का सुधार कार्य किया जायेगा।



### इनका कहना

इस संबंध में विधुत सब डिवीजन अधिकारी से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा ट्रांसफार्मर मे लगने वाले उपकरण मांगपत्र शहडोल कार्यालय को भेजा गया है जैसे ही सामग्री प्राप्त होती है खराब टांसफार्मरो का सुधार कार्य किया जायेगा।

**सुभाष सेन**
**सहायक अभियंता सब डिवीजन**

# नि:स्वार्थ समाज सेवा संगठन: युवा कर रहे हैं मरीज़ों की जीवन रक्षा, अब तक सैकड़ों को मिला रक्तदान का संबल

अमलाई।



विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर निःस्वार्थ समाज सेवा संगठन द्वारा किए जा रहे निःशुल्क रक्तदान कार्यों को लेकर जिलेभर में सराहना की जा रही है। संगठन के जिला अध्यक्ष योगेंद्र महरा ने बताया कि पिछले चार वर्षों से यह संस्था लगातार ज़रूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाकर सैकड़ों मरीजों का जीवन बचा चुकी है।

इस संगठन की शुरुआत 23 अक्टूबर 2022 को की गई थी, जिसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक मदद पहुँचाना और विशेष रूप से सिकल सेल एनीमिया, थैलेसीमिया, कैंसर, डिलीवरी केस एवं अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए निःशुल्क रक्तदान सुनिश्चित कराना है।

रक्तदान के ये प्रयास न सिर्फ़ जिला शहडोल तक सीमित हैं, बल्कि बिजुरी, कोतमा, पुष्पराजगढ़, बेम्होरी, अमलाई, बिलासपुर, भोपाल, अमरकंटक, जैतहरी, राजनगर जैसे क्षेत्रों में भी संगठन के वॉलंटियर्स सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

### हर जरूरतमंद तक पहुँचता है जीवनदायी रक्त

संस्था के प्रयासों से 6 महीने के शिशु से लेकर गंभीर रूप से बीमार बुजुर्गों तक को रक्त की उपलब्धता कराई गई है। संगठन के सदस्य नियमित रूप से स्वयं रक्तदान करते हैं और अन्य युवाओं को भी प्रेरित करते हैं। संगठन के सचिव धीरज साहू, उपाध्यक्ष विवेक भारती, कोषाध्यक्ष रत्ना गुप्ता, सहसचिव विकाश कुमार, तथा अन्य सदस्यों — मनीष यादव, अमित नापित, पप्पू चौधरी, पीयूष पटेल, सदानंद भारती, राजेश महरा, अखिल महोबिया, सनी पनिका आदि की भूमिका इस सेवा कार्य में उल्लेखनीय रही है।

### महिलाओं ने भी निभाई अग्रणी भूमिका

संस्था की बहनों ने भी गुप्त रूप से रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणा का कार्य किया है। रक्तविरांगनाओं में नारायणी देवी एवं किरण श्रीवास का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। युवाओं की टीम बनी समाज का आधार

### इस सेवा कार्य में जुड़े प्रमुख युवा वॉलंटियर्स में

बेम्होरी से धीरज साहू, बरगवां से सुहैल अहमद, अमलाई से आशिर्वाद मिश्रा, धनपुरी से पवन पाठक, शेखर प्रजापति, बुढार से रवि सोनी, शहडोल से रघुनाथ सिंह शेखावत, धनपुरी से आर्यन खान, नारोजाबाद से रोहित सोनी, बिजुरी से युवराज थनवार, राजीव पांडे, राज जैन, बेम्होरी से प्रदीप सिंह, अनूपपुर से राहुल अग्रहरि, मनेंद्रगढ़ से अभिषेक गुप्ता, राज महतो, सूरज गोलंदाज, आदित्य कोरी, कन्हैया सिंह, नीलेश सिंह (ढूंढहा), विपिन महोबिया आदि सम्मिलित हैं। जिला अध्यक्ष योगेंद्र महरा का मानना है कि जब युवा सेवा भाव के साथ आगे आते हैं, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन अवश्य होता है। उन्होंने कहा, ₹हमारा उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति रक्त के अभाव में अपनी जान न गंवाए।

# खाद बीज के लिए किसानों को न हो परेशानी, व्यवस्थाएं रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे आगामी मानसून सीजन के दौरान खेती- किसानी के कार्य हेतु खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उर्वरक एवं बीज विक्रय केन्द्रों का निरंतर निरीक्षण करें। साथ ही मानसून पूर्व खाद्यान्न, दवाईयों सहित सभी जरूरी प्रबंधों की तैयारियां चाक-चौबंद रखें। कलेक्टर श्री यादव ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को हिदायत दी है कि सोसायटी, सरकारी एवं निजी दुकानों में खाद- बीज की पर्याप्त उपलब्धता हेतु नियमित निरीक्षण करें। उन्होंने उप संचालक किसान कल्याण और कृषि विकास को ताकीद किया कि उर्वरक के नगद विक्रय केन्द्रों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाय। निजी और शासकीय सभी दुकानों के बाहर उर्वरक की दर सूची और स्टाक की उपलब्धता की मात्रा को भी सूचना पटल में प्रदर्शित किया जाये। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे आगामी मानसून की बोनी के मद्देनजर अभी से सक्रिय हो जाएं,ताकि खाद-बीज के लिए किसानों को असुविधा न हो। कलेक्टर ने सभी एस डी एम, तहसीलदार, सहकारिता और कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे विक्रय केन्द्रों में प्रतिदिन खाद की उपलब्धता, उर्वरक विक्रय केन्द्रों की नियमित निगरानी और दुकान के बाहर सूचना पटल पर उपलब्ध खाद की मात्रा और दर सूची लगवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद, बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद, बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220071 पर दे सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## अब तक जिले के 2787 नागरिकों के आधार कार्डों में हुए आवश्यक सुधार कार्य



**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार जिले के सभी नगरीय निकायों के वार्डो तथा ग्राम पंचायतो में विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ लिए जाने हेतु नागरिकों के आधार कार्ड में आवश्यक सुधार व नए आधार कार्ड बनाए जाने हेतु ग्राम पंचायत व वार्डवार आधार कैम्प का आयोजन 2 जून से प्रातः 10 से शायं 6 तक प्रतिदिन अलग-अलग वार्ड व ग्राम पंचायत में किया जा रहा है। जिसके तहत अब तक 2787 नागरिकों के आधार कार्डों में आवश्यक सुधार कार्य एवं 296 नागरिकों के नए आधार कार्ड बनाए गए हैं।

**आज इन क्षेत्रों में लगेंगे शिविर**

जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पोंड़ी, जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत विचारपुर, जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत ठोढ़ीपानी, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरगा तथा नगर परिषद बनगवाँ (राजनगर), नगर परिषद अमरकंटक, नगर परिषद डोला, नगरपालिका बिजुरी, नगरपालिका अनूपपुर के वार्ड 15 में एवं नगरपालिका पसान के वार्ड नम्बर 06, नगर परिषद डूमरकछार के वार्ड 14, नगर परिषद बरगवां (अमलाई) के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड 03, नगरपालिका कोतमा के वार्ड नम्बर 13 में 17 जून को आधार कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के नागरिकों से आधार बनवाने एवं सुधार कार्य का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## गांजा के साथ धरा गया आरोपी विक्रेता, बिजुरी पुलिस ने की कार्यवाही




**अनूपपुर।** पुलिस मुख्यालय द्वारा अवैध मादक पदार्थ की धरपकड़ एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु सम्पूर्ण प्रदेश में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक, अनूपपुर मोती उर रहमान के द्वारा सार्थक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया हैं जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोतमा आरती शाक्य के द्वारा उक्त अभियान के अंतर्गत मुखबिर तंत्र सक्रिय कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया थाना बिजुरी पुलिस द्वारा उक्त आदेश के अनुपालन में मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया जो 14 जून को वाहन चेकिंग के दौरान उनि विपुल शुक्ला को सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटर सायकल क्र सीजी 15 सीजेड 8140 से बेलिया छोट तरफ से झोला में अवैध मादक पदार्थ गांजा का विक्रय करने की नियत से लेकर बिजुरी तरफ आ रहा है जिस पर तत्काल कार्यवाही पर अवैध गांजा बरामद किया जा सकता है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए वाहन चेकिंग में लगे पुलिस बल द्वारा खेड़िया क्रेशर तिराहे पर घेराबंदी कर मुखबिर सूचना पर रेड कार्यवाही की और उक्त मोटर साइकिल सवार पुलिस अभिरक्षा में लेकर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की गई जो आरोपी शनि कुमार पिता कर्मवीर जोगी उम्र क्रीब 19 वर्ष के कब्जे से 1 किलो 300 ग्राम कीमती करीब 12 हजार रुपए का अवैध गांजा बरामद हुआ। जिसे मौके से जप्त किया गया। आरोपी के कब्जे से अवैध गांजा और घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल कुल कीमती करीब 1 लाख 25 हजार रुपये का मशरूका जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना बिजुरी में अपराध क्रमांक 185/25 धारा 8/20बी एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर एन.डी.पी.एस. एक्ट में कार्यवाही की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर 15 जून को माननीय न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में टी.आई. बिजुरी निरीक्षक विकास सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विपुल शुक्ला, स उ नि रविकरण पयाशी, आर विश्वजीत मिश्रा, आर अभिषेक शर्मा, आर रामनिवास गुर्जर, चालक आर कर्मजीत सिंह, मा आर संगम तोमर पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कम संसाधनों के बीच भी केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर रहा जोन में नंबर 1

# खजुराहो में होटल रमाडा में प्राचार्य हुये सम्मानित

**प्राचार्य देवेन्द्र तिवारी और शिक्षकों की कडी मेहनत लाई रंग**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।




बोर्ड परीक्षा में जबलपुर संभाग के अंतर्गत संचालित समस्त केन्द्रीय विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया जो कि अनूपपुर जिले के लिए एक गौरव का विषय एवं असाधारण उपलब्धि है। इसी परिप्रेक्ष्य में केन्द्रीय विद्यालय संगठन, जबलपुर संभाग द्वारा होटल रमाडा, खजुराहो में 14 से 16 जून तक आयोजित तीन दिवसीय प्राचार्य सम्मेलन में केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी को उनके कुशल प्रशासनिक एवं अकादमिक नेतृत्व तथा विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हेतु सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका श्रीमती सुमना सेनगुप्ता एवं हिंदी शिक्षक राम गोपाल प्रजापति को केन्द्रीय विद्यालय संगठन जबलपुर संभाग द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्राचार्य सम्मेलन में केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर के प्राचार्य श्री तिवारी द्वारा अपने सम्बोधन में यह बताया गया कि केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर के अध्यक्ष कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन पर विद्यालय अपने नित नये आयाम एवं शिक्षा छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए कलेक्टर श्री पंचोली के मार्गदर्शन पर कार्य कर रहा है। यह विद्यालय का प्रथम बैच था जो कि दसवीं की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुआ था एवं प्रथम बैच के विद्यार्थियों एवं उनके शिक्षकों की अथक मेहनत एवं लगन के द्वारा ही यह सुखद एवं उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय की कक्षा दसवीं का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में प्रदर्शन सूचकांक (PI), 71.77 अंक रहा जो केन्द्रीय विद्यालय संगठन के औसत प्रदर्शन सूचकांक (PI), 59.98 से 11.79 अंक ऊपर है जो कि हमारे विद्यालय के लिए एक असाधारण उपलब्धि है। विद्यालय की इस उपलब्धि के कारणों का रहस्योद्घाटन करते हुए उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि कक्षा 10 में अध्यापन करने वाले समस्त शिक्षकों की उनके विषय पर गहरी समझ एवं 21वीं सदी हेतु आवश्यक शिक्षण युक्तियों द्वारा अध्यापन एवं विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम एवं सतत समर्पण भाव से अध्ययन हेतु प्रेरित करने का परिणाम है। यह सफलता मात्र एक संयोग नहीं, बल्कि निरंतर परिश्रम, उत्कृष्ट योजना, समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन, और विद्यार्थियों की लगन के परिणाम स्वरूप प्राप्त हुई है।इस उत्कृष्ट उपलब्धि हेतु विद्यालय में एक सुसंगठित अध्ययन प्रणाली अपनाई गई, जिसमें समयबद्ध पाठ्यक्रम पूरा करना, नियमित परीक्षण और छात्रों की शैक्षणिक प्रगति की सतत निगरानी शामिल थी। शिक्षकों ने छात्रों की कमज़ोरियों को समझकर व्यक्तिगत ध्यान दिया और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान सरल एवं प्रभावशाली ढंग से किया। विद्यार्थियों को समय प्रबंधन का सख्त पालन करने एवं योजना बनाकर अध्ययन करने की प्रेरणा दी गई, जिससे वे विषयों को संतुलित ढंग से पढ़ सके। विद्यालय में शीतकालीन अवकाश के समय भी नियमित रूप से पुनराभ्यास कक्षाओं, संदेह समाधान सत्रों एवं प्री- बोर्ड परीक्षाओं को आयोजित कर विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा हेतु तैयार किया गया। इसके अतिरिक्त, छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और आत्मविश्वास पर विशेष ध्यान दिया गया। विभिन्न मोटिवेशनल सत्रों, योग अभ्यासों और परामर्श सेवाओं द्वारा उन्हें तनावमुक्त रखा गया। अभिभावकों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही। विद्यालय और अभिभावकों के बीच सामंजस्यपूर्ण संबंध ने छात्रों को एक सहायक और प्रेरणादायी वातावरण प्रदान किया। अंततः, विद्यालय प्रशासन, विशेष रूप से प्राचार्य महोदय की दूरदर्शिता और नेतृत्व शैली ने इस पूरे प्रयास को एक दिशा दी। उनके नेतृत्व में विद्यालय का समूचा शैक्षणिक ढांचा संगठित एवं अनुशासित रहा जिसके फल स्वरूप प्राप्त यह सफलता इस बात का प्रतीक है कि जब विद्यालय, शिक्षक, छात्र और अभिभावक एक साझा लक्ष्य की ओर एकजुट होकर कार्य करते हैं, तो उत्कृष्टता निश्चित है।

## दुर्गेश बैगा ने की पत्नी इंद्रावती की डंडों से पिटाई ,मौत

अमरकंटक ।

पवित्र नगरी अमरकंटक नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 जमुना दादर निवासी दुर्गेश बैगा ने 15 जून 25 दिन रविवार शाम 4 बजे पत्नी इंद्रावती बैगा की डंडा से पैसों के विवाद रखरखाव के चलते जमकर डंडे से की पिटाई पत्नी इंद्रावती की हुई मौत। वार्ड क्रमांक 15 जमुना दादर अमरकंटक निवासी जय लाल बैगा पिता सेम लाल बैगा उम्र 34 वर्ष में सुबह 8ः बजे थाना अमरकंटक में आकर रिपोर्ट किया कि मैं मजदूरी का काम करता हूं दिनांक 15 जून 25 दिन रविवार करीब 4:00 बजे शाम को मैं संतोषी बाई राय सिंह तथा दुर्गेश बैगा सभी लोग दुर्गेश बैगा के घर के बाहर बिही के पेड़ के नीचे बैठे थे उसी समय दुर्गेश की पत्नी इंद्रावती बैगा वहां पर आई जो शराब पिए हुए थी दुर्गेश बेगा ने अपनी पत्नी इंद्रावती से पूछा कि जो मजदूरी का पैसा 1800 रुपए मैंने तुमको रखवाया था वह कहां रखी हो लाकर दो तो मैं बाजार से सब्जी एवं किराना का सामान सामान लेकर आऊं। तब वह बोली की पैसा कहीं गिर गया है खोजने में नहीं मिला उसी बात से नाराज होकर दुर्गेश बैगा अपनी पत्नी इंद्रावती को अपने पास में रखें बांस के डंडा से उसके सिर में दो डंडा लगातार मारा जिससे इंद्रावती के सर से खून बहने लगा तथा दो डंडा उसके दाहिने पैर की पिंडली में जोर-जोर से मारा तो वह चिल्लाते हुए बेहोश होकर गिर गई। हम लोग बीच बचाव करने लगे तो मुझे भी करने को दौड़ाया तब हम लोग वहां से अपने घर तरफ जाने लगे तो वह अपनी पत्नी का हाथ पकड़ कर घसीटते हुए अपने कमरा के अंदर ले जाकर जमीन पर लेटा दिया था। सुबह करीब 7:00 मुझे दुर्गेश मेरे घर आकर बताया कि मारपीट करने से मेरी पत्नी की रात में करीब 12:01 बजे मृत्यु हो गई है तब, मैं संतोषी बैगा राय सिंह एवं पड़ोस की रहने वाली रीनू गुप्ता वगैरा जाकर देखें तो वह मृत्यु हालत में वही पड़ी थी। उसकी मृत्यु दुर्गेश बैगा के द्वारा बांस के डंडा से मारपीट करने से तथा सिर व शरीर में चोट आने के कारण ही हुई है तब मैं घटना की रिपोर्ट करने थाना आया हूं। थाना अमरकंटक में उक्त प्रकरण पर अपराध क्रमांक 112 /25 बी एन एस की धारा 103(1) कायम कर विवेचना में लिया है हत्या के प्रकरण की विवेचना थाना अमरकंटक के नगर निरीक्षक एल बी तिवारी उप निरीक्षक पी एस बघेल एवं सहायक उप निरीक्षक ईश्वर यादव के द्वारा की जा रही है । मृतका के शव का पंचनामा तथा पोस्टमार्टम कराया जाकर परिजनों को सौंप दिया गया है पश्चात अंतिम संस्कार कर दिया गया । अभियुक्त दुर्गेश बैग को त्वरित कार्यवाही कर पकड़ लिया है जिससे आवश्यक पूछताछ की जा रही है । अभियुक्त दुर्गेश बैगा को न्यायिक अभिरक्षा न्यायालय प्रस्तुत किया गया ।



### क्षेत्र में व्याप्त अनैतिक कृत्यों पर अंकुश लगाने ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

# ज्ञापन सौंप आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा।



विधानसभा क्षेत्र कोतमा अन्तर्गत बढ़ रही आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाए जाने सहित विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनोज सोनी के नेतृत्व मे अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आरती शाक्य को सौंपते हुए मांग की गई कि कोतमा विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत लगातार बढ़ रही आपराधिक गतिविधियों पर अविलम्ब अंकुश लगाया जाये।

**ज्ञापन में यह किया उल्लेख**

लम्बे समय से पशु तस्करी का अवैध अन्तर्राज्यीय कारोबार चल रहा है जिस पर समय समय कांग्रेस पार्टीजनो द्वारा चेतावनी दी जाती रही है, किन्तु सफेद पोश एवं पुलिस के खुले संरक्षण मे उक्त कार्य फल फूल रहा था विगत दिनों क्षेत्र के अन्तर्राज्यीय तस्कर बल्लू एवं साथियों की गिरफ्तारी से यह स्पष्ट हो चुका है कि उक्त कारोबार मे जनप्रतिनिधि शामिल है जिसकी जाँच हेतु आरोपी बल्लू के विगत एक वर्ष की काल डिटेल सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है ताकि संलिप्त सभी सफेदपोश अपराधियों पर भी सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए।

**शराब ठेकेदार की गुण्डागर्दी**

कोतमा विधानसभा क्षेत्र मे शराब ठेकेदार के द्वारा वैध के साथ अवैध शराब पैकारी एवं गली-गली मे शराब के नए ठीहे बनाकर युवा वर्ग को नशे की ओर झोकने का कारोबार सत्ताधारी एवं पुलिस व आबकारी विभाग के संरक्षण में जारी है। शराब ठेकेदार एवं उसके कर्मचारियों के हौसले इस कदर बढे हुए है कि 15 जून की रात्रि में शुक्ला ढ़ाबा के सामने शराब ठेकेदार के गुण्डो द्वारा एक स्थानीय नवयुवक की हत्या करने के आशय से बोलेरो वाहन चढ़ाकर घसीटते हुए कुचल दिया जिससे नवयुवक गंभीर रूप से घायल होकर जीवन मृत्यु से जूझ रहा है अपराधी एवं शराब ठेकेदार के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कर सख्त कार्यवाही की जावे।

**चोरी की आये दिन हो रही वारदात**

कोतमा विधानसभा क्षेत्र मे विगत 01 वर्ष से लगातार चोरी की घटना मे बढ़ोत्तरी हुई है जिसमें मोटर सायकिल चोरी, दिन दहाडे गृह भेदन, लूट, डकैती जैसे जघन्य अपराध हो रहे है। ऐसे अपराधियों पर पुलिस का कोई नियंत्रण नहीं होने से अपराधियों के हौसेले बुलंद है। तथा पुलिस के सुस्त रवैये का फायदा उठाते हुए अपराधी जघन्य अपराध कारित कर रहे है और अब भी पुलिस की पकड से बाहर है जिससे क्षेत्र मे व्यापक आक्रोश एवं जनता मे भय का माहौल व्याप्त है।

**अवैध रेत उत्खनन**

विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत रेत उत्खनन का अवैध कारोबार पुलिस खनिज विभाग व सत्ता के संरक्षण में फलफूल रहा है कई बार लडाई झगडा व अप्रिय घटना वारदात की स्थिति ग्रामीणजनो व रेत ठेकेदार के बीच हो चुकी है इसलिए अवैध रेत उत्खनन को भी रोका जाय।

**अवैध व्यवसाय जुआं, सट्टा एवं गांजा का संचालन**

समूचे क्षेत्र में पुलिस के संरक्षण मे अवैध रूप से जुआं, सट्टा तथा गांजे का कारोबार चल रहा है युवा पीढ़ी को मादक रास्ते ले जाने का कुटिल प्रयाश किया जा रहा है जिसे शीघ्र नियंत्रित किया जावे। ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र कार्यवाही की मांग करते हुए अपेक्षा की गई है, अन्यथा कांग्रेसजन पुलिस व भाजपा सरकार व सफेदपोशो के संरक्षण मे चल रही अपराधिक गतिविधियों के विरूद्ध व्यापक आंदोलन करने हेतु बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जवाब देही शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने में पूर्व विधायक कोत, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रमेश सिंह, मनोज सोनी अध्यक्ष ब्लाक कॉंग्रेस कोतमा, हरीश मोटवानी अध्यक्ष ब्लांक कांग्रेस बिजुरी, हरिशंकर दुबे पुल्लू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस राजनगर सहित सैकड़ों की संख्या मे कांग्रेस जन शामिल रहे।

### तीन दिनों से जैतहरी इलाके में जमाये डेरा, ग्रामीणों में दहशत की स्थिति

# जिले में प्रवेश करते ही हाथियों का ताण्डव शुरू

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

चार हाथियों का समूह तीन दिन पहले एक बार फिर से छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही इलाके से अनूपपुर जिले के जैतहरी क्षेत्र में प्रवेश कर निरंतर तीन दिनों से विचरण कर रहे हैं तीन दिनों के मध्य हाथियों द्वारा किसानों के खेत एवं बांडियों में लगी फसलों के साथ ग्रामीणों के कच्चे मकान में तोड़फोड़ करते हुए रविवार की रात धनगवां बीट के कुसुमहाई के जंगल से निकल कर कई गांवों को पार करते हुए सोमवार की सुबह एक बार फिर गोबरी के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं। हाथियों के फिर से आ जाने से ग्रामीण परेशान एवं दहशत में है। विदित है कि प्रवासी हाथियों द्वारा छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के इलाकों में विगत कई वर्षों से अपना विचरण क्षेत्र बनाते हुए निरंतर विवेचण कर कई तरह के नुकसान कर रहे हैं जो कई दिनों तक मई माह में जैतहरी इलाके में रहने बाद चार हाथियों का समूह छत्तीसगढ़ राज्य में जाकर मरवाही क्षेत्र में 14 दिनों तक विचरण करते हुए 14 जून की देर शाम एक वार फिर से छत्तीसगढ़ की सीमा के मरवाही क्षेत्र के सिवनी बीट से लगे जंगल एवं गूजर नाला को पार कर जंगल में ठहरने बाद रविवार की देर रात जंगल से निकलकर कुसुमहाई गांव के झंडीटोला निवासी बाल सिंह एवं बलराम सिंह के कच्चे मकान में तोड़फोड़ कर घर के अंदर रखे खाने की सामग्री को अपना आहार बनाते हुए धनगवां पंचायत के दर्रीटोला, पड़रिया पंचायत के चोई से धनगवां होकर अनूपपुर वेंकटनगर मुख्य मार्ग एवं रेलवे लाइन को पार कर कल्याणपुर से बलबहरा, शिवनी होते हुए सोमवार की सुबह ग्राम पंचायत एवं वन बीट गोबरी के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं। चारों हाथियों द्वारा कई ग्रामीणों के खेत एवं बाड़ियों में लगे विभिन्न तरह की फसलो को आहार बनाया है एक बार फिर से अनूपपुर जिले के जैतहरी इलाके में चार हाथियों के प्रवेश कर विचरण करने से ग्रामीणों में भय एवं दहशत की स्थिति बनी हुई है। हाथियों के विचरण पर वनविभाग की टीम ग्रामीणों के साथ हाथियों पर की निगरानी करते हुए ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने के साथ सतर्कता बरतने की अपील की है हाथियों से प्रभावित ग्रामों की ग्रामीणों द्वारा शासन एवं जिला प्रशासन के साथ वनविभाग से हाथियों के निरंतर अनूपपुर जिले में आकर विभिन्न तरह के नुकसान करते रहने पर हाथियों से जिले को मुक्त कराए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाने की बात कही गई है।



अनूपपुर जिले के जैतहरी इलाके के चोलना ग्राम से होते हुए शनिवार की देर रात कुसुमहाई के



# जिले में सिचुरेशन मोड पर संचालित होंगे आधार

**जर्जर भवनों की निगरानी और ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया में लाएं गति-कलेक्टर**

**समयावधि पत्रों की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले में आधार, आयुष्मान कार्ड एवं ई-केवाईसी कैंप के प्रभावी संचालन हेतु सिचुरेशन मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आधार कैंप ई-गवर्नेंस के माध्यम से, आयुष्मान कार्ड कैंप स्वास्थ्य विभाग तथा ई-केवाईसी कैंप ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका के माध्यम से संचालित किए जाएं। यह समस्त कैंप आगामी जुलाई माह तक विधिवत संचालित किए जाएंगे। कलेक्टर ने अधिकारियों को भ्रमण के दौरान कैंपों का निरीक्षण करने एवं संचालन की जानकारी संबंधित अमले से प्राप्त करने के निर्देश भी दिए। साथ ही जिला कंट्रोल रूम से निरंतर कैंपों की जानकारी प्राप्त करने हेतु लोक सेवा प्रबंधन विभाग की जिला प्रबंधक को निर्देश दिए। कलेक्टर हर्षल पंचोली कलेक्टर कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों के समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

**डिस्मेंटल की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश-** कलेक्टर श्री पंचोली ने नगरीय एवं जनपदवार जर्जर भवनों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप जर्जर भवनों के स्वामियों को नियमित रूप से नोटिस जारी किए जाएं एवं उन्हें यह समझाया जाए कि ऐसे भवनों को हटाना उनकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने कहा कि समय रहते डिस्मेंटल की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी प्रकार की जनहानि की संभावना न रहे। बैठक में अधिकारियों ने अवगत कराया कि जिले में अब तक 65 जर्जर शासकीय भवनों की पहचान की जा चुकी है, जिनके हटाने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि फील्ड भ्रमण पर जाने वाले अधिकारी क्षेत्र में स्थित जर्जर भवनों का अवलोकन करें एवं संबंधित अधिकारी को दूरभाष के माध्यम से यथासमय सूचित करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री पंचोली ने सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जिले की रैंकिंग सुधारना हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए।

**मुख्यमंत्री के संभावित दौरे के मद्देनजर दिये निर्देश-** कलेक्टर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संभावित अनूपपुर दौरे के संबंध में चर्चा कर निर्माण कार्यों के भूमि पूजन, शिलान्यास एवं लोकार्पण की सूची की जानकारी प्राप्त की तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को शिलान्यास एवं लोकार्पण हेतु पत्थरों की साइज एवं लेआउट फाइनल करने के निर्देश दिए। बैठक में अमरकंटक स्थित ब्रिज, उसके इतिहास एवं महत्व तथा प्रस्तावित मूर्ति अनावरण कार्यक्रम से संबंधित आवश्यक बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। कलेक्टर ने सभी विभागों को समन्वय से कार्य करने हेतु निर्देशित किया।

**रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा-** बैठक में कलेक्टर द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के अंतर्गत जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर बेहतर स्वच्छ वातावरण के निर्माण हेतु व्यापक कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। इसके अंतर्गत साफ-सफाई व्यवस्था, जनजागरूकता कार्यक्रम, स्लोगन, प्रचार-प्रसार इत्यादि के माध्यम से ग्रामों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के प्रयास किए जाएं। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर स्थित डंपिंग यार्ड को सुव्यवस्थित किया जाए तथा उसका समुचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर द्वारा नगरीय क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा की गई ।